झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)

चर्चा में क्यों?

हाल ही में, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने **झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (JMMSY)** लॉन्च की।

प्रमुख बिंदु:

- इस योजना के तहत **गरीबी रेखा से नीचे** जीवन यापन करने वाले परिवारों की **21 से 50 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपए** दिये जाएंगे।
- प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के माध्यम से प्रतिवर्ष सभी पात्र महिलाओं के **बैंक खातों में कुल 12,000 रुपए भेजे जाएंगे।**
- **राज्य सरकार ने सभी वर्गों और समुदायों के सर्वांगीण विकास** के लिये **विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाएँ शुरू की हैं।**
- राज्य सरकार ने **50,000 रुपए के बजाय 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ** करने का निर्णय लिया है।
- सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से सरकारी स्कूलों की बालिकाओं को लाभ मिल रहा है तथा शिक्षा व्यवस्था को मज़बूत करने के लिये मॉडल स्कूल चलाए जा रहे हैं।
- मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन योजना के तहत लोगों को रियायती दरों पर ऋण जारी किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री रोज़गार सृजन योजना

- इसके तहत राज्य के **18 से 45 वर्ष की आयु** के **युवा नागरिकों** को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिये **न्यूनतम दर पर 25 लाख रुपए का ऋण** उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही सरकार की ओर से **40% अनुदान (सब्सिडी) या 5 लाख रुपए** प्रदान किये जाते हैं।
- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग **और** सखी मंडल **से जुड़ी महिलाएँ** इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।
- सखी मंडल **महिलाओं का एक समूह** है जो अपने **जीवन स्तर और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिये एक साथ आती हैं।**

सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना

- यह योजना राज्य में बालिका शिक्षा, बाल विवाह **को समाप्त करने और** महिला सशक्तिकरण पर ज़ोर देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार **किशोरियों को अच्छी शिक्षा के लिये कुल 40,000 रुपए की सहायता** दे रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jharkhand-mukhyamantri-maiyan-samman-yojana